आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 20.12.2025

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में खेल महाकुंभ के तहत मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ 23 दिसंबर को होगा।
- हरिद्वार जिला प्रशासन ने बहादराबाद क्षेत्र में यूपी सिंचाई विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटाया।
- कुंभ 2027 की तैयारियों को लेकर हरिद्वार जिला प्रशासन सक्रिय, गंगा घाटों के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू।
- और... राज्य के मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाया, जनजीवन प्रभावित।

मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी

प्रदेश में खेल महाकुंभ के अंतर्गत मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी 2025–26 की शुरुआत 23 दिसंबर से होगी। यह जानकारी खेल मंत्री रेखा आर्या ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता चार चरणों में आयोजित की जाएगी, जिनमें न्याय पंचायत, विधानसभा, संसदीय क्षेत्र और राज्य स्तर शामिल हैं।

प्रतियोगिता में कुल 26 खेल स्पर्धाएं होंगी, जिनमें पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का समापन 28 जनवरी को होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता को पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

वहीं, सांसद ट्रॉफी जीतने वाली टीम को दो लाख रुपये और विधानसभा ट्रॉफी जीतने वाली टीम को एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने वाले खिलाड़ी को एक लाख रुपये की अतिरिक्त पुरस्कार राशि दी जाएगी।

खेल मंत्री ने बताया कि दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स, बैडमिंटन और तैराकी की अलग से स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण 14 अक्टूबर से शुरू हो चुके हैं और अब तक एक लाख दस हजार से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 22 दिसंबर तक खुले रहेंगे।

अतिक्रमण

हरिद्वार जिले में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल बहादराबाद क्षेत्र में यूपी सिंचाई विभाग की भूमि से हरिद्वार प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से पहले लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और आदेशों का पालन न करने पर कार्रवाई की जा रही है।

जन–जन की सरकार

"जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत पिथौरागढ़ की न्याय पंचायत सटगल के पंचायतघर मलान में एक व्यापक बहुउद्देशीय जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने की। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना तथा स्थानीय स्तर पर प्राप्त जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

शिविर में विभिन्न विभागों ने विभागीय स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से आम जनमानस को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर ही आवेदन प्राप्त कर पंजीकरण किया तथा अनेक मामलों में पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभ प्रदान किया।

उधर, रुड़की की ग्राम पंचायत बढ़ेरी राजपुताना में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में समस्याओं का निस्तारण होने पर ग्रामीणों ने सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

हरिद्वार कुंभ

हरिद्वार जिला प्रशासन ने कुंभ 2027 तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार गंगा के किनारे नए घाटों की श्रेणी में ग्रीन घाट बनाने की तैयारी की जा रही है। गंगा पर बन रहे इन नए घाटों को लेकर नमामि गंगे दिल्ली से आई टीम ने मेला प्रशासन के साथ बैठक की और स्थलीय निरीक्षण भी किया। अधिकारियों का कहना है कि कुंभ से पहले गंगा घाटों को स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में तापमान में गिरावट और घने कोहरे के चलते ठंड बढ़ गई है। तड़के और रात के समय मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने आज हरिद्वार, उधमसिंहनगर, नैनीताल, चंपावत, पौड़ी और देहरादून जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार 22 दिसंबर तक राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना बनी हुई है।

वहीं, मैदानी इलाकों में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहर के प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की है। इसके साथ ही रैन बसेरों में जरूरतमंदों को कंबल और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

भारत टैक्सी

केंद्र सरकार ने पहली दिसम्बर से भारत टैक्सी की शुरूआत की है।

भारत टैक्सी की शुरुआत की घोषणा इस वर्ष 25 मार्च को संसद सत्र के दौरान की गई थी। यह ड्राइवरों और यात्रियों द्वारा लगातार सामना की जा रही चुनौतियों के समाधान के रूप में शुरू की गई है। यह सहकार टैक्सी कॉपरेटिव लिमिटेड के अंतर्गत संचालित है। पहली, ड्राइवरों को अक्सर प्लेटफॉर्म के स्वामित्व की कमी, अस्पष्ट प्रोत्साहन संरचना, लंबे कार्यघंटे और सामाजिक सुरक्षा के अभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जबकि यात्रियों को अविश्वसनीय सेवाओं, बार–बार बुकिंग रद्द होने, मूल्य वृद्धि जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब यह प्लेटफॉर्म उचित किराया, ड्राइवरों को लाभ का पुनर्वितरण और लोकतांत्रिक निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करता है।

**एसएसबी**

आज सशस्त्र सीमा बल का स्थापना दिवस है। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल– एसएसबी के सभी जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई दी।

सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने तक सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सलाम किया।

**पत्र सूचना कार्यालय**

पत्र सूचना कार्यालय ने जनता से सरकार से संबंधित संदिग्ध खबरों को साझा करने की अपील की है। राज्यसभा में कल सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि सरकार से संबंधित मामलों पर प्रसारित हो रही खबरों या सूचनाओं के संबंध में कोई भी शिकायत या तथ्य जांच अनुरोध व्हाट्सएप नम्बर 87 99 71 12 59 पर, ईमेल से या पीआईबी वेबसाइट के माध्यम से भेजी जा सकती है।